Hindi (हिन्दी)

2 से 17 वर्ष के बच्चों के लिए फ्री नेज़ल स्प्रे फ्लू वैक्सीन

अगर आपके बच्चे की उम्र 2 से 17 साल है (18 साल का होने से पहले), तो अब उन्हें इंजेक्शन के बजाय नेज़ल स्प्रे से वैक्सीन लगाई जा सकती है।

नेज़ल स्प्रे वैक्सीनेशन का इस्तेमाल अमेरिका और यूके जैसे अन्य देशों में 10 वर्षों से अधिक समय से किया जा रहा है और इसे लाखों बच्चों को दिया गया है।

नेज़ल स्प्रे फ्लू वैक्सीन कैसे काम करता है

- वैक्सीन को नाक के दोनों छिद्रों में स्प्रे किया जाता है।
- यह नाक में जल्दी काम करता है, इसलिए अगर आपका बच्चा बाद में छींक भी मार दे तब भी यह असर करता है।
- इसमें कम मात्रा में कमजोर किया हुआ वायरस होता है और यह आपके बच्चे के शरीर को बिना बीमारी पैदा किए फ्लू से लड़ना सिखाता है।
- नाक में छिड़कने वाला फ्लू का वैक्सीन उतना ही प्रभावी है जितना फ्लू का इंजेक्शन।
- सभी फ्लू वैक्सीन की तरह, इसे हर साल अपडेट किया जाता है, इसलिए बच्चों को हर साल एक खुराक की आवश्यकता होती है।

दुष्प्रभाव

अधिकांश दुष्प्रभाव हल्के और अस्थायी होते हैं।
बच्चों:

- की नाक बह सकती है या बंद हो सकती है
- को हल्का सिरदर्द हो सकता है
- को थकान महसूस हो सकती है
- बच्चे सामान्य से कम खा सकते हैं।।

गंभीर दुष्प्रभाव, जैसे एनाफाइलेक्सिस (गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया), बहुत कम होते हैं।

कुछ बच्चों को जिन्हें मेडिकल कंडीशन हैं, उन्हें नेज़ल स्प्रे फ्लू वैक्सीन नहीं लगवानी चाहिए, लेकिन वे इसके बजाय इंजेक्शन लगवा सकते हैं। आपका जीपी, फार्मासिस्ट या टीका प्रदाता जानता है कि आपके बच्चे के लिए क्या सबसे अच्छा है।

इसे कौन प्राप्त कर सकता है

- नाक में छिड़कने वाली फ्लू की वैक्सीन 2, 3, 4 और 5 साल के बच्चों के लिए मुफ्त है (**6 साल के होने से पहले**)। इस आयु वर्ग में फ्लू से जटिलताएँ होने की अधिक संभावना होती है और वे इसे दूसरों में आसानी से फैला सकते हैं।
- यह 6 से 17 साल (**18 साल की उम्र से पहले**) के उन बच्चों के लिए भी उपलब्ध है जिन्हें सुई लगाने में दिक्कत होती है।
- फ़्लू वैक्सीन अभी भी सभी के लिए मुफ्त है।
- नेज़ल स्प्रे फ्लू वैक्सीन में पोर्क प्रोडक्ट्स (पोर्सिन जिलेटिन) होते हैं। नेज़ल फ़्लू वैक्सीन पर धार्मिक मार्गदर्शन भिन्न हो सकता है। आपके बच्चे के लिए कौन सा वैक्सीन सही है, यह तय करते समय आप अपने स्वास्थ्य पेशेवर और आस्था नेता से बात करना चाह सकते हैं।

कहाँ टीका लगवाएं

आपका बच्चा :

- GP से टीका लगवा सकता है
- फार्मेसी में टीका लगवा सकता है
- कम्युनिटी हेल्थ क्लिनिक में वैक्सीन लगवा सकता है
- आपके बच्चे को एबोरिजिनल और टोरेस स्ट्रेट आइलैंडर कम्युनिटी कंट्रोल्ड हेल्थ सर्विस में वैक्सीन लग सकती है।

फ़्लू वैक्सीन लगवाने के लिए मेडिकेयर कार्ड की आवश्यकता नहीं है। कुछ सामान्य चिकित्सक परामर्श शुल्क ले सकते हैं।

इन्हें अन्य नियमित बचपन के टीकों के साथ एक ही समय में लगवाया जा सकता है।

आइए, जो मायने रखता है उसकी रक्षा करें।

आप '**flu facts qld**' खोजकर या इस QR कोड का उपयोग करके मुफ्त फ्लू टीका और अपनी भाषा में संसाधनों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

flu facts qld अधिक जानने के लिए

DELIVERING FOR QUEENSLAND

Queensland Government